MY NET TV
mynettv.online

निष्पक्ष,निर्भीक,निश्छल

डिजिटल समाचार

Wednesday, 20-09-2023 mynettv. online

सुन्नी कॉलेज में कार्यक्रम के दौरान आपदा प्रबंधन पर जानकारियाँ देती टीम के सदस्य

महाविद्यालय सुन्नी में गृह रक्षा विभाग तृतीय वाहिनी शिमला के सौजन्य से आपदा प्रबंधन पर जागरूकता शिविर का आयोजन

महेन्द्र कुमार, सुन्नी। अटल बिहारी वाजपेई राजकीय महाविद्यालय सुन्नी मे रोवर एंड रेंजर्स, एन एस एस, एन सी सी, इको क्लब, ने गृह रक्षा विभाग तृतीय वाहिनी शिमला के सौजन्य से आपदा प्रबंधन पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कंपनी कमांडर महेंद्र कुमार ने अपने व्याख्यान द्वारा विद्यार्थियों को बताया कि प्राकृतिक एवं मानव प्रेरित आपदाओं से यदि प्रत्येक नागरिक को सुरक्षित रखना है तो उन्हें कौशल सीखने और राष्ट्र के निष्काम सेवा के लिए नागरिक सुरक्षा की मुहिम में शामिल होना। विद्यार्थियों सहित अन्य लोगों को भी नागरिक सुरक्षा कौशल एवं आत्मरक्षा संबंधित ज्ञान देना चाहिए। टीम के द्वारा विद्यार्थियों को सिविल डिफेंस, दुर्घटना, भूकंप, देवीय आपदा आदि घटनाओं का उदाहरण सहित प्रशिक्षण दिया गया और आपातकालीन सेवाओं में बचाव के लिए उन्हें प्रशिक्षण द्वारा तैयार किया गया। आपदा के समय बचाव के कार्य की जानकारी देने के साथ इसमें इस्तेमाल होने वाले उपकरणों की भी जानकारी दी। प्राचार्य डॉक्टर रामलाल शर्मा ने पूरी टीम का उनके द्वारा दिए गए प्रशिक्षण के लिए धन्यवाद किया और विद्यार्थियों से आग्रह किया कि जब कभी भी उन्हें किसी दूसरे की मदद करने का मौका मिले वह पीछे न हटे और आज प्रशिक्षण द्वारा सिखाए गए सभी तरीकों का इस्तेमाल करें एवं और अन्य लोगों को भी सिखाए कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त पर प्राध्यापक एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।